18.05.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लू का प्रकोप–बाड़मेर सहित 4 जिलों में पारा 46 डिग्री से ऊपर।
- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार आज समाप्त –इस चरण में 49 सीटों के लिए मतदान 20 मई को।
- प्रदेश में ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज अनुभाग की स्थापना की जाएगी।
- विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर आज राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित –पर्यटकों के लिए संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क।

000

प्रदेश के ज्यादातर हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में है जिसके कारण जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। राज्य के कई जिलों में आज भी लू का असर रहा। आज बाडमेर में पारा सबसे ज्यादा 46 दशमलव 9 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा, पिलानी में 46 दशमलव 3, जैसलमेर, करौली, गंगानगर और जालौर में 46 दशमलव 2 डिग्री, तथा फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। इसी तरह भरतपुर, कोटा, जोधपुर, चूरू, बीकानेर धौलपुर, अंता बारां तथा संगरिया में पारा 45 डिग्री से उपर मापा गया। अन्य जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते लोग दिन के समय घर से बाहर जाने से परहेज कर रहे हैं। जोधपुर में आज दिन का पारा 45 डिग्री से उपर नापा गया जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गर्मी से बचाव के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया है।

........................

बालोतरा जिले में भी तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि हीट वेव की वजह से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और बाजार सूने नजर आ रहे हैं।

.....................

अंगारे बरसाती गर्मी ने सरहद पर स्थित रेगिस्तानी जिले जैसलमेर के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। जिला प्रशासन ने जलदाय विभाग को गर्मी के मौसम में विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए है। जलदाय विभाग को हीटवेव को ध्यान में रखते हुए पेयजल से समस्याग्रस्त क्षेत्रों में शीघ्र जलापूर्ति परिवहन की आपूर्ति करवाने के साथ ही पेयजल अभावग्रस्त स्थानों पर समुचित ढंग से पीने के पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने और लू की स्थिति में पानी के छिड़काव के लिए पानी के टैंकर्स की व्यवस्था अनिवार्य रुप से करने के निर्देश दिये गये हैं। झालावाड़ जिले में भी भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और पारा 45 डिग्री के आसपास है। इस समय मनुष्य सहित पशु पक्षी सभी गर्मी से हाल बेहाल है। झालावाड जिले की सबसे बड़ी श्री कृषण गौशाला में गौवंशों की देखभाल के लिए कई इंतजाम किए गए जिससे गायों को गर्मी से निजात मिल सके। गौशाला में ड्रिप कूलिंग सिस्टम और कूलर की शुरूआत की गई है। अभी श्री कृष्ण गौशाला में 750 से 800 के करीब गौवंश हैं। जिनके लिये 21 कूलर लगाये गये हैं। इससे वहां तापमान सामान्य रहने लगा है। प्रदेश में दिन के साथ रात का तापमान भी कई स्थानों पर 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। बीती रात जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, जालौर तथा धौलपुर में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के से ऊपर मापा गया। फलौदी में रात का पारा 34 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी दो–तीन दिन तक अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होने तथा लू का दौर आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश हिस्सों और जयपुर, भरतपुर, कोटा

संभाग के कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 45–46 डिग्री के आसपास दर्ज होने तथा लू चलने की प्रबल संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं लू के और तीव्र रहने की संभावना है।

000

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो गया है। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात बिहार और ओडिसा की पांच–पांच, झारखंड की तीन, जम्मू कश्मीर और लद्दाख की एक –एक सीट के लिये 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिये लद्दाख में दूरदराज के इलाकों के लिये मतदान दल आज रवाना हो गये हैं। कई स्थानों पर मौसम विभाग की भीषण गर्मी और लू की चेतावनी के मद्दे नजर निर्वाचन विभाग की ओर से विशेष इंतजाम किये गये हैं। इस बीच लोकसभा चुनाव के अगले चरणों के लिये चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है।

0000

भीलवाड़ा के कोटडी थाना क्षेत्र में पिछले साल अगस्त में एक नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद कोयले की भट्टी में जिंदा चलाने के मामले में आज पॉक्सो कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने दो मुख्य आरोपियों कालू और काना को दोषी करार दिया है जिन्हें सोमवार को सजा सुनाई जा सकती है। इस मामले की जांच कोटडी के तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुन्दर बिश्नोई ने की थी जिसकी मॉनिटरिंग एडीजी क्राइम दिनेश एन.एम और अजमेर रेंज आईजी लता मनोज ने की थी।

000

स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बूंदी जिले के सथूर गांव से गुजर रही चन्द्रभागा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। जिला परिषद् और जिला प्रशासन द्वारा तैयार इस योजना के तहत गांव में जल की निकासी के लिए उचित व्यवस्था करके नालियो के पानी को नदी में छोड़ने के बजाय उचित निपटान किया जावेगा। ठोस कचरे के निपटान के लिए ट्रेंचिंग ग्राउण्ड उपलब्ध कराया जावेगा। एनिकट के रिसाव को रोकने के लिए भी उचित प्रबंधन किया जावेगा। नदी के किनारे के अतिक्रमण को रोकने के लिए पौधारोपण किया जावेगा। चंद्रभागा नदी इस क्षेत्र में पीने और सिंचाई के पानी का मुख्य स्त्रोत है, नदी गांव के बीच से होकर गुजरती है इस कारण इसमें काफी कचरा हो गया है और इसका पानी मानव उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो गया है।

000

...................

प्रदेश में ब्लड बैंकों के सुचारू संचालन के लिए जनस्वास्थ्य निदेशक के अधीन ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेज अनुभाग की स्थापना की जाएगी। यह अनुभाग प्रदेश में औषधि नियंत्रण विभाग के साथ समन्वय कर ब्लड बैंक से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता के साथ निगरानी करेगा। यह जानकारी आज चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जे.के लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में गठित जांच टीम द्वारा रिपोर्ट पेश करने के मौके पर दी। उन्होंने कहा कि रोगियों को बिना किसी परेशानी के रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन तंत्र को मजबूत किया जाएगा। ब्लड बैंक से संबंधित सभी चिकित्सकों को और पैरामेडिकल स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। श्रीमती सिंह ने बताया कि ब्लड बैंकों में बेहतर विजिलेंस के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करवाया जाएगा। इस सॉफ्टवेयर से ब्लड बैंकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। इस बीच, जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी प्रकरण में एक निजी अस्पताल की भूमिका की सूचना पर विभाग ने उस अस्पताल के ब्लड बैंक की जांच की है। अनियमितताएं पाये जाने पर अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है।

000

बारां जिले की परवन नदी में डूबने से जयपुर के 2 युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ये दोनों युवक अटरू क्षेत्र के आटोन गांव में एक दोस्त की शादी में गये थे, जहां नदी में नहाने के दौरान वे गहरे पानी में डूब गए।

000

आज विश्व संग्रहालय दिवस है। ये दिन संग्रहालयों और स्मारकों के सरंक्षण के प्रति जागरुकता के लिए मनाया जाता है। प्रदेशभर के सरकारी स्मारकों और संग्रहालयों में आमजन के लिए आज प्रवेश निःशुल्क किया गया। पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के वृत्त अधीक्षक ने बताया कि लोगों को संस्कृति और इतिहास से परिचय कराने के लिए ये सुविधा दी गयी है। प्रदेश में विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी पर्यटक स्थल और म्यूजियम में पर्यटकों की काफी भीड नजर आई। ज्यादातर स्थानों पर पर्यटकों का माला पहनाकर राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया। प्रमुख पर्यटक स्थलों पर राजस्थानी लोक कलाकारों की ओर से विशेष प्रस्तुति भी दी गई।

कोटा में विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर हाडौती हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। जैसलमेर में दी थार हैरिटेज म्यूजियम में परिचर्चा का आयोजन किया गया। झालावाड में भी पर्यटन विकास समिति द्वारा झालावाड संग्रहालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में पर्यटन विकास समिति के पदाधिकारियों ने झालावाड की पुरातन विरासत और संस्कृति पर प्रकाश डाला और जिले की पुरा महत्व की धरोहरों को सहेजने के लिए सरकार से मांग की। इस अवसर पर झालावाड संग्रहालय में रखी ऐतिहासिक धरोहरों और पुरातन मूर्तियों और चित्रकारी को देखने के लए शहर के लोग पहुंचे। सवाईमाधोपुर में विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में पर्यटकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें संग्रहालय की आवश्यकता और इनमें आवश्यक सुधार पर चर्चा की गई। बूंदी में संग्रहालय के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पाली के राजकीय संग्रहालय में आज पूरे दिन पर्यटकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहा।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से राष्ट्रीय सहकार मेला आयोजित किया जायेगा। 28 मई तक चलने वाला ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मेले में लोगों को शुद्ध और प्रमाणित मसाले एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। मेले से मसाला उत्पादक किसानों और छोटी इकाइयों का सीधे ग्राहकों से संपर्क हो सकेगा। मेले में रोजाना आकर्षक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

000